समाचार

निकाली गई स्वच्छता रैली, आमजन को दिया गया स्वच्छता का संदेश

(एम.पी.नगर आवासीय क्षेत्र, सुभाष चौक, निहारिका क्षेत्र होकर घंटाघर तक निकली स्वच्छता की रैली)

कोरबा 09 दिसम्बर 2024 – नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों, सफाई कर्मचारियों, वरिष्ठजनों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आज निगम के वार्ड क्र. 24 व 25 के अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर आवासीय क्षेत्र के साथ–साथ सुभाष चौक, निहारिका व्यवसायिक क्षेत्र होते हुए घंटाघर तक स्वच्छता रैली निकाली गई, स्वच्छता दीदियों व अधिकारी कर्मचारियों ने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर रैली में भाग लेते हुए आमनागरिकों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं साफ–सफाई में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य शासन से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, इस कड़ी में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम की स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों व अधिकारी कर्मचारियों तथा वार्ड के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह स्वच्छता रैली निकाली गई, निगम के वार्ड क्र. 24, 25 अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर आवासीय क्षेत्र, सुभाष चौक, निहारिका व्यवसायिक क्षेत्र होते हुए घंटाघर तक रैली आयोजित हुई। इस दौरान स्वच्छता दीदियों, सफाई कर्मचारियों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने आमजन से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा साफ–सफाई कार्यो में सहयोग देने का आग्रह किया। इस मौके पर वरिष्ठ निरीक्षक सुनील वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत के साथ–साथ स्वच्छता दीदियॉ,

सफाई मित्र उपस्थित थे। यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य विभिन्न आयोजन व गतिविधियों का संचालन किया जाना हैं, इसके तहत स्वच्छता रैली का आयोजन, सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति आमजन के बीच जनजागरूकता लाने के कार्य, शासन की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, एस.एल.आर.एम.सेंटर में विविध स्वच्छता गतिविधियों के संचालन, स्वच्छता दीदी उत्सव, स्वच्छता दीदी सम्मान आदि का आयोजन किया जाएगा।